मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक– **16.03.2020**

राज्यवासियों को कोरोना से डरने की जरूरत नहीं, सरकार पर है आपकी सुरक्षा व उत्तम स्वास्थ्य की जिम्मेदारी... हेमन्त सोरेन...

==========================

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति- 288/2020

16 मार्च 2020

नया विधानसभा

==========================

★मुख्यमंत्री ने कोरोना वायरस के संदर्भ में उच्चस्तरीय बैठक की

★मुख्यमंत्री का निदेश 14 अप्रैल तक बंद रहेंगे स्कूल, कॉलेज और शिक्षण संस्थान

==========================

★सभी प्रमंडल में कोरोना वायरस के जांच की व्यवस्था करें

★नगर निगम साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दे

★किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें जिम्मेदार

...हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री झारखण्ड

==========================

नया विधानसभा/रांची

राज्यवासियों को कोरोना वायरस से डरने की जरूरत है। आप इस वायरस के प्रति जागरूक रहें। सरकार पर राज्यवासियों के उत्तम स्वास्थ्य की जिम्मेवारी है। सभी प्रमंडल में कोरोना वायरल की जांच हेतु व्यवस्था सुनिश्चित करें। धार्मिक स्थलों के लिए एडवाइजरी जारी की जाएगी। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट पर जांच की व्यवस्था करें। सभी जिला के उपायुक्त कोरोना का आंकलन अपने अपने जिला में करें। साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से एक साथ पांच व्यक्ति से अधिक लोगों का जुटान न हो यह भी सुनिश्चित होना चाहिए। विगत तीन माह के दरम्यान जो मजदूर भाई अपने घर लौटे हैं उनकी पहचान कर जांच करें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कही। मुख्यमंत्री नया विधानसभा भवन में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में वरीय अधिकारियों को निदेश दे रहे थे।

हाईवे पर भी रखें नजर

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न राज्यों से जीटी रोड होकर आने वाले वाहन जो सार्वजनिक स्थलों पर रुकते हैं उनके चालकों पर ध्यान दें। ताकि शक होने पर जांच सुनिश्चित किया जा सके।

136 आइसोलेशन बेड है तैयार

मुख्यमंत्री को स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव ने बताया कि चिकित्सकों को इस वायरस के उपचार हेतु विशेष तौर पर प्रशिक्षित किया गया है। 20 मार्च तक जिला स्तर पर चिकित्सक प्रशिक्षित हो जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग के टोल फ्री नंबर पर अबतक ग्यारह सौ लोगों ने फ़ोन किया, जिनके विभिन्न सवालों का जवाब देते हुए संदेह को दूर किया गया है।

लोगों की जांच हुई नहीं मिले वायरस के लक्षण

मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि विदेशों से 488 लोग झारखण्ड आएं हैं। उनमें से कुछ लोगों की जांच की गई, लेकिन किसी में वायरस के लक्षण नहीं पाए गए। झारखण्ड की सीमा से सटे जिलों पर भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

उपस्थिति

बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्री बन्ना गुप्ता, मुख्य सचिव डॉ डीके तिवारी, अपर मुख्य सचिव श्री सुखदेव सिंह, प्रधान सचिव स्वास्थ्य विभाग डॉ नितिन मदन कुलकर्णी, प्रधान सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग श्री शैलेश कुमार सिंह, नगर विकास सचिव श्री विनय कुमार चौबे, पर्यटन सचिव श्री राहुल कुमार शर्मा व अन्य उपस्थित थे।

###

=======================

#Team PRD(CMO)